Class - 3
Subject - HINDI
पाठ – 2 मेहनत की कमाई

1. शब्दार्थ :–

दाने	–	अनाज के कण
सुहाना	–	अच्छा
दुत्कारना	–	डाँटना
लाइन	–	पंक्ति
जाड़ा	–	सरदी
मेहनत	–	परिश्रम

<u>मौखिक</u>

2. क. टिड्डा कहाँ रहता था व क्या खाता था?

उत्तर टिड्डा जंगल में रहता था व हरे–हरे पत्ते खाता था।

ख. बुलबुल जाड़े के दिनों में कहाँ चली गई थीं?

उत्तर बुलबुल जाड़े के दिनों में किसी गरम देश में चली गई थीं।

ग. चींटी ने टिड्डे को चीनी देने से मना क्यों कर दिया?

उत्तर चींटी ने टिड्डे को चीनी देने से मना इसलिए कर दिया था क्योंकि यह उसकी मेहनत की कमाई थी।

<u>लिखित</u>

3. क. टिड्डे ने सबसे पहले किसको देखा और उससे क्या कहा?

उत्तर टिड्डे ने सबसे पहले गिलहरी को देखा और कहा आओ गिलहरी बहन, मिलकर नाचें और खेलें! कितना अच्छा मौसम है!

ख. बुलबुल ने क्या कहकर टिड्डे को खेलने से मना कर दिया?

उत्तर बुलबुल ने टिड्डे को यह कहकर खेलने से मना कर दिया कि मैं अपने बच्चों के लिए खाना ढूँढ रही हूँ; मैं नहीं खेल सकती।

ग. जब टिड्डा भालू के पास गया तो भालू क्या कर रहा था?

उत्तर जब टिड्डा भालू के पास गया तो भालू जाड़े के दिनों के लिए शहद इकट्ठा करने जा रहा था।

घ. पेड़ पर बैठीं चील ने टिड्डे से क्या कहा?

उत्तर पेड़ पर बैठीं चील बोली – सबने काम किया और खाना इकट्ठा किया। टिड्डे, तुम तो केवल नाचते और खेलते ही रह गए। अब तुम ठंडी हवा खाओ!

4. मूल्यपरक प्रश्न

सबने टिड्डे की सहायता करने से मना क्यों कर दिया था? क्या उनका मना करना उचित था या नहीं? कारण भी बताइए।

उत्तर सबने टिड्डे की सहायता करने से मना कर दिया क्योंकि जब मेहनत करने का समय था तब टिड्डा नाच गा रहा था और सब मेहनत कर रहे थे। सबका मना करना उचित था क्योंकि सबने मेहनत से भोजन इकट्ठा किया था, यह सबकी मेहनत की कमाई थी।

5. दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए –

क. टिड्डा दिनभर पेड़ों पर खेलता रहता था।

ख. भालू बोला, मुझे जाड़े के दिनों के लिए <u>शहद</u> इकट्ठा करना है।

ग. चींटी बहन, मुझे खाने के लिए कुछ <u>चीनी</u> दे दो।

घ. बुलबुल <u>सरदी</u> के कारण किसी गरम देश में चली गई थी।

6. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए :–

क. पेड़ों के पत्ते कौन–सी ऋतु में सूखकर गिर जाते हैं?

बरसात में	✓ जाड़े में	पतझड़ में

ख. भालू जाड़े के दिनों के लिए क्या इकट्ठा कर रहा था?

✓ शहद	घास	चीनी

ग. चींटियाँ क्या ले जा रही थीं?

चावल	✓ चीनी

ङ गिलहरी क्या इकट्ठा कर रही थी?

पत्ते	आटा	✓ दाने

7. किसने कहा? किससे कहा? लिखिए –

क. "भालू भाई, क्या कर रहे हो?"

किसने	किससे
टिड्डा ने	भालू से

ख. "यह चीनी मेरी बहनों ने इकट्ठी की थी?"

किसने	किससे
चींटी ने	टिड्डा से

ग. "सबने काम किया और खाना इकट्ठा किया।"

किसने	किससे
चील ने	टिड्डा से

घ. "बहन, मुझे खाने के लिए थोड़ी–सी चीनी दे दो।"

किसने	किससे
टिड्डा ने	चींटी से